## ईडीएफसी पर दादरी से चुनार तक मालगाड़ियों का संचालन शुरू

# 75 किमी की गति से दौड़ेंगी मालगाड़ियां

अमरीश मनीष शुक्ल • प्रयागराज

माल ढुलाई के लिए देश की सबसे बड़ी रेलवे लाइन डेडीकेटेड फ्रेट कारिडोर (डीएफसी) के पूर्वी हिस्से पर मालगाड़ियों का नियमित संचालन शुरू हो गया है। मुंबई की तरफ से बनाया गया डीएफसी (वेस्टर्न कारिडोर) दादरी गौतमबुद्ध नगर में ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कारिडोर (ईडीएफसी) से जुड़ गया है। मंगलवार से दादरी से चुनार तक मालगाड़ी का नियमित संचालन शुरू हुआ। पहली बार दादरी से चुनार तक ईडीएफसी ट्रैक पर दौड़ी है।

दो मालगाड़ियां फिलहाल वेस्टर्न डीएफसी से रोजाना दादरी में आकर ईडीएफसी से मिलती हैं। अब दोनों का संचालन चुनार तक हो सकेगा। दिल्ली रूट पर न्यू भाऊपुर (कानपुर देहात का गांव) को झांसी रूट के न्यू भीमसेन (23 किमी.) के डीएफसी सेक्शन से जोड़ दिया गया है। इससे झांसी की तरफ से आने वालीं मालगाड़ियां न्यू भीमसेन से दिल्ली रूट में न्यू भाऊपुर से जुड़ जाएंगी। दोनों लाइनों को सचेंडी किसाननगर में रेल पुल बनाकर जोड़ा गया है।

प्रयागराज से दिल्ली की तरफ जाने वाला रूट को कानपुर से पहले रूमा से न्यू भीमसेन (25 किमी.) सेक्शन को भी चालू कर दिया गया है। दादरी से मीरजापुर के चुनार तक 750 किमी खंड पर ईडीएफसी पर ही मालगाड़ियां चलेंगी। दिल्ली से प्रयागराज की ओर आने वाली मालगाड़ियों को कानपुर सेंट्रल स्टेशन नहीं लाना पड़ेगा वह बाईपास से निकल जाएंगी। भाऊपुर से रूमा के बीच यात्री ट्रेनों के साथ 110 मालगाड़ियां चलती थीं। ट्रैक पर ट्रैफिक का लोड रहता था। समस्या खत्म हो जाएगी। मालगाड़ियां न्यू दादरी स्टेशन से कानपुर और प्रयागराज शहर के बाहर से न्यू चुनार जंक्शन तक पहुंचेगी।

**750** किमी खंड पर नियमित संचालन शुरू



कानपुर के पास न्यू भीमसेन जंक्शन से कोयला लदी मालगाड़ी लेकर गुजरते लोको पायलट एमके दुबे व ट्रेन मैनेजर पीके गुप्ता • साभार ईडीएफसी

### डीएफसी से फायदा

- आपात स्थिति में यात्री ट्रेनों का संचालन हो सकेगा ।
- शताब्दी, राजधानी, वंदे भारत, तेजस सहित मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की गति बढ़ेगी
- दिल्ली -हावड़ा रूट की मालगाड़ियां ईडीएफसी पर ।
- मानिकपुर की तरफ से आने वाली मालगाड़ी इरादतगंज स्टेशन से ईडीएफसी पर आ जाएंगी।
- मालगाड़ी की गति औसतन 25 किमी प्रतिघंटे से बढ़कर 75 हो जाएगी।

### क्या है डीएफसी

देश में कुल छह डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर (डीएफसी) प्रस्तावित हैं। इसमें वेस्टर्न डीएफसी, ईडीएफसी, नार्थ-साउथ डीएफसी, ईस्ट-वेस्ट डीएफसी, ईस्ट कोस्ट डीएफसी व सदर्न डीएफसी हैं। सभी आपस में जुड़ेंगे। ईडीएफसी इसमें 1875 किमी लंबा है। अत्याधुनिक कंट्रोल सेंटर प्रयागराज के सूबेदारगंज में है, जो पूरे एशिया सबसे बड़ा कमांड कंट्रोल सेंटर है। ईडीएफसी रूट पर कोयला खदान थर्मल पावर प्लांट, औद्योगिक शहर मौजूद हैं।